Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding commencement of work on Chirimiri-Barwadih railway-line in Surguja Parliamentary Constituency of Chhattisgarh.

श्री कमल भान सिंह मराबी (सरगुजा): माननीय अध्यक्ष महोदया, एक बहुत बड़ी समस्या को लेकर मैं इस सदन में आया हूं। आपने मुझे सदन में इस समस्या पर बोलने के लिए जो समय दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। सरगुजा एक अति पिछड़ा एवं आदिवासी बाहुल्य संसदीय क्षेत्र है, जहां खनिज सम्पदा की भरमार है। खनिजों के निकासी हेतु सरकार के द्वारा बहुत से कार्य कराए जा रहे हैं। यदि केवल कोयले की मात्रा पर ध्यान दिया जाए तो भारत में हमारे राज्य का 18 प्रतिशत कोयले का योगदान है। हमारे क्षेत्र में निरंतर हर वर्ष रेल यात्रियों की तादाद में वृद्धि हो रही है। मेरे क्षेत्रवासियों के लिए मैंने अम्बिकापुर से नई दिल्ली के लिए सीधी रेल सेवा प्रारम्भ करने हेतु कई बार आग्रह किया है। मेरे द्वारा पिछले दो वर्ष से लगातार रेल मंत्री जी एवं प्रधान मंत्री जी को पत्रों के माध्यम से इस बारे में अवगत भी कराया जा रहा है। रेल मंत्री जी मेरे इस आग्रह के संदर्भ में अम्बिकापुर से नई दिल्ली तक रेल नहीं चलाये जाने के कारण से अवगत कराने की कृपा करेंगे।

बजट सत्र 2015-16 में चिरिमिरी-बरवाडीह रेल लाइन के लिए राशि स्वीकृति होने के बाद भी रेल लाइन का कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है। मेरा आग्रह है कि सरकार द्वारा इस लाइन हेतु कब तक कार्य प्रारम्भ करने की योजना है, मैं इससे अवगत होना चाहता हूं।

मेरा आपसे विशेष निवेदन है कि वहां से दिल्ली आने के लिए और कोई साधन नहीं है। यदि यहां से रेल चालू होती है तो यू.पी., बिहार और झारखंड तीनों राज्यों को विशेष रूप से फायदा होगा। अतः कृपया उपरोक्त कार्य को शीघ्र कराने का कष्ट करें। धन्यवाद।

HON. SPEAKER:

Shri Sunil Kumar Singh is permitted to associate with the issue raised by Shri Kamal Bhan Singh Marabi.